# वार्षकि उद्योग सर्वेक्षण

## प्रलिम्सि के लयि:

वार्षकि उद्योग सर्वेक्षण (ASI).

## मेन्स के लयि:

वार्षकि उद्योग सर्वेक्षण (ASI), वृद्धि एवं वकिास

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में सांख्यकिी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा वार्षकि उद्योग सर्वेक्षण (ASI) के अनंतमि परणिाम जारी कयि गए।

- यह सर्वेक्षण ASI वेब पोर्टल के माध्यम से अप्रैल 2021 से जनवरी 2022 के दौरान आयोजति कयिा गया था।

## वार्षकि उद्योग सर्वेक्षण:

- ASI, भारत में औद्योगकि आँकड़ों का प्रमुख स्रोत, संगठति वनिरि्माण पर सबसे व्यापक डेटा है।
- इसमें बजिली का उपयोग करके 10 या अधकि श्रमकिों को नयिोजति करने वाले सभी कारखानों और बजिली का उपयोग कयि बनिा 20 या अधकि श्रमकिों को नयिोजति करने वाले सभी कारखाने शामलि हैं।

## सर्वेक्षण की वशिषताएँ:

- **कारखानों में वृद्धि:**
  - **2019-20** में देश में कारखानों की संख्या **1.7% बढ़कर 2.46 लाख** हो गईं, जसिमें कुल 1.3 करोड़ कर्मचारी कार्यरत थे।
- **सकल स्थायी पूंजी नरि्माण:**
  - ***सकल स्थायी पूंजी नरि्माण, नविेश का एक संकेतक*** है, जो 2019-20 में संगठति वनिरि्माण क्षेत्र में 20.5 प्रतशित बढ़कर 4.15 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि पछिले वति्त वर्ष में यह 10.2 प्रतशित बढ़कर 3.44 लाख करोड़ रुपए था।
    - इसकी तुलना 2018-19 में कारखानों की संख्या में 1.98% की वृद्धि के साथ 2.42 लाख और 2017-18 के **वमिुद्रीकरण** के बाद के वर्ष में 1.2% की वृद्धि के साथ की जाती है।
    - ये संख्याएँ महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये **कोवडि-19 महामारी** की शुरुआत से पहले वर्ष 2019-20 के सामान्य वर्ष के परणिाम हैं, जसिने रोज़गार वृद्धि को प्रभावति कयिा।
      - अचल पूंजी, लेखा वर्ष के समापन दनि पर कारखाने के स्वामतिव वाली अचल संपत्तयिों के मूल्यह्रास मूल्य का प्रतनिधित्वि करती है तथा इसमें वह भूमि शामलि है जसिमें लीज-होल्ड भूमि, भवन, संयंत्र और मशीनरी, फर्नीचर तथा सैनटिरी वस्तुएँ, परविहन उपकरण, जल प्रणाली एवं सड़क मार्ग शामलि है। अन्य अचल संपत्ति जैसे- अस्पताल, स्कूल आदि का उपयोग कारखाने के श्रमकिों के लयि कयिा जाता है।

## कॉर्पोरेट क्षेत्र में रोज़गार:

- **कॉर्पोरेट क्षेत्र:**
  - कॉर्पोरेट क्षेत्र में रोज़गार, जसिमें सार्वजनकि और नजिी, सरकारी तथा गैर-सरकारी कंपनयिाँ शामलि हैं, 2019-20 में 5.5% बढ़कर 97.03 लाख हो गया, जबकि व्यक्तगित स्वामतिव में यह 3.1% घटकर 11.36 लाख हो गया।
- **साझेदारी में:**
  - साझेदारी के क्षेत्र में **रोज़गार 2019-20 में 11.7% घटकर 18.58 लाख हो ग** या, जबकि सीमति देयता साझेदारी के लयि यह 42% बढ़कर 1.22 लाख हो गया।

- **श्रमिकों का रोज़गार:**
    - राज्यों में तमिलनाडु में 2019-20 में श्रमिकों के रोज़गार की सबसे अधिक संख्या थी, इसके बाद महाराष्ट्र और गुजरात का स्थान है।
- **कुल मज़दूरी का भुगतान:**
    - 2019-20 में श्रमिकों को भुगतान की गई कुल मज़दूरी में 6.3% की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वित्त वर्ष में 11.9% की मज़दूरी वृद्धि हुई थी।
    - 2019-20 में कॉर्पोरेट क्षेत्र में कारखाने के श्रमिकों के लिये मज़दूरी में 7.7% की वृद्धि हुई।
        - कामगारों के आँकड़ों में उन सभी **व्यक्तियों को शामिल किया जाता है जो सीधे या किसी भी एजेंसी के माध्यम से नियोजित होते** हैं, यानी वे मज़दूर हों या नहीं लेकिन किसी भी विनिर्माण प्रक्रिया में लगे हुए हों या विनिर्माण प्रक्रिया के लिये उपयोग की जाने वाली मशीनरी या परिसर के किसी भी हिस्से की सफाई में लगे हुए हों या विनिर्माण प्रक्रिया से जुड़े किसी अन्य प्रकार के कार्य में लगे हुए हों।

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/annual-survey-of-industries